50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 8.6 °c | अधिकतम 25.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:55, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 330 | बृहस्पतिवार, 01 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

दुनिया का उसूल हैं,
जब तक काम है, तब तक तेरा
नाम है, वरना दूर से सलाम है।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

अब किसान खेत में और बेटियां स्कूल जाने से नहीं डरती : योगी

और भी हैं... जो खूब डरते हैं.....

कवाल का बवाल सपा के लिए कलंक: योगी

- विकास, कानून व्यवस्था और मां-बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठाकर अपार जनसमूह के दिल को छुआ
- योगी का गठबंधन प्रत्याशी पर कटाक्ष, बोले-इलाके की जनता पेशेवर अपराधियों को नहीं देगी वोट
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकुमारी सैनी को विक्रम सैनी से ज्यादा मतों से जिताने का किया आह्वान
- सपा-रालोद गठबंधन आपराधिक छवि वाले को चुनाव मैदान में उतारकर रच रही है गुण्डा टैक्स वसूलने की साजिश

खतौली, 30 नवम्बर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कवाल का बवाल सपा सरकार पर बड़ा कलंक है, जो कभी धुलने वाला नहीं है। आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार को चुनाव में उतारकर सपा और रालोद गठबंधन गुण्डा टैक्स वसूली के पुराने जमाने को लाने का षडयंत्र रच रहा है। उन्हें पूरा विश्वास है कि खतौली की जनता ऐसे किसी अपराधी को राजनीति में नहीं आने देगी, जो समाज के लिए बड़ा खतरा है। योगी ने कहा कि पुलिस को साफ आदेश हैं कि गुण्डागर्दी करने वालों को किसी भी दशा में पनपने न दिया जाए, जो जिस भाषा में सम-ाता है, उसी भाषा में जवाब दिया जाए। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी को विक्रम सैनी से अधिक मतों से जिताने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को खतौली नवीन मण्डी स्थल पर भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 2013 में सपा राज में हिन्दू नौजवानों के साथ जो कुछ हुआ, वो किसी से छिपा नहीं है। कवाल का बवाल पूरी तरह सपा गठबंधन सरकार की देन है। सचिन और गौरव की हत्या को कोई नहीं भूल सकता। उसके बाद जिस तरह युवाओं को फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेजा गया, ऐसी क्रूरता आज भी जख्मों को कुरेद देती है। सीएम योगी ने कहा कि विक्रम सैनी ने विधानसभा की सदस्यता अपने परिवार के लिए नहीं गंवाई है। वो इलाके की बहू-बेटियों के सम्मान की लड़ाई लड़ते हुए सजा पा गए, लेकिन उनके चेहरे पर विधायकी जाने की कोई शिकन नहीं है। पूर्व विधायक विक्रम सैनी के साथ उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी पूरी मजबूती के साथ खड़ी रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उनकी सरकार ने यूपी की कानून व्यवस्था को नजीर बनाने का काम किया है। एक समय था कैराना और कांधला में गुण्डा टैक्स वसूली और छेड़छाड़ की घटनाओं से तंग आकर काफी परिवार पलायन कर गए थे। उनकी सरकार ने पलायन कर गए लोगों को वापस बसाने के साथ हर वर्ग के लोगों को सुरक्षा का माहौल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के विकास को रफ्तार दे रही है। बिना मजहब, जात और बिना चेहरे देखे हर किसी को सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, उज्जवला योजना के साथ ही अन्य सभी कल्याणकारी योजनाओं में बिना भेदभाव के सबका साथ और सबका विकास को सार्थक बनाते हुए लाभ देने का काम लगातार किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले अराजकता का माहौल था। अन्नदाता तक भी अपने खेत में जाने से डरता था, बहन-बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थी, तो महिलाओं को बाजारों में जाने से घबराहट होती थी। सपा-रालोद गठबंधन एक बार फिर गुण्डा टैक्स वसूली का माहौल बनाने की साजिश रच रहा है। उन्होंने गठबंधन उम्मीदवार का नाम लिए बिना कहा कि पेशेवर अपराधियों को अपने बीच घुसने नहीं देना है। उन्होंने साधु और बिच्छू की कहानी सुनाते हुए कहा कि अपराधी डंक मारने की अपनी प्रवृत्ति को कभी नहीं छोड़ते हैं। सरकार की शक्ति के चलते सुरक्षा का वातावरण बना है, जिसे किसी भी हालत में बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह के आसपास कोई अपराधी फटकने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था। अब वक्त देखिए कि चरण सिंह के नाम पर राजनीति करने वाले पेशेवर अपराधियों का राजनीतिकरण कराने में तुले हुए हैं। यदि पेशेवर अपराधी हावी होंगे तो आम नागरिकों को जीना मुहाल हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने सपा पर प्रदेश में अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा के राज में कांवड यात्रा पर भी कई तरह के प्रतिबंध लगे थे। जब मैं 2017 में मुख्यमंत्री बना तो मेरे पास भी ऐसा ही प्रस्ताव लाकर इन प्रतिबंधों को जारी रखने के लिए कहा गया, लेकिन हमने दृढ़ संकल्प के साथ निर्देश दिये कि सुरक्षा सरकार करेगी, कावंड यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न कराने का काम हमने करके दिखाया।

गौरव की मां सुरेशवती और प्रदीप ठाकुर ने दिया समर्थन

खतौली। खतौली उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोंक रही कवाल में मारे गए गौरव की मां सुरेशवती और निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप ठाकुर ने भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गौरव के पिता चौ. रविन्द्र सिंह ने मंच पर यह घोषणा की। योगी ने दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों का भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही रालोद छोड़कर आए चौ. यशवीर सिंह, भूपेन्द्र सिंह चौधरी और अभिषेक गुर्जर का भी उन्होंने मंच पर पार्टी में स्वागत करते हुए भाजपा उम्मीदवार के लिए काम करने पर आभार जताया।

शिकायतकर्ताओं पर करुंगी मानहानि का मुकदमा: अंजू

- फिर चेयरमैन की कुर्सी पर बैठते ही अंजू अग्रवाल ने दिखाए तेवर
- चार माह में नगर के विकास कार्य को पीछे धकेलने का लगाया आरोप

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। नगर पालिका की सियासत में उठापटक के बीच लंबे समय से चल रहे आरोप प्रत्यारोप के बीच हाईकोर्ट के आदेश पर आज पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने चेयरमैन की कुर्सी संभाल ली। उन्होंने शासन के फैसले को अवैधानिक बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं ने शहर के विकास को चार महीने पीछे धकेल दिया है। उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ मानहानि का दावा करने की बात भी कही।

पालिका चेयरमैन पद से बर्खास्तगी के बाद हाईकोर्ट द्वारा इस संबंध में नगर विकास विभाग के दस अक्टूबर के बर्खास्तगी आदेश को खारिज किए जाने के बाद आज पालिकाध्यक्ष ने प्रशासन को हाईकोर्ट के आदेश की प्रति दी। इसके बाद वे दोपहर बाद पालिका कार्यालय पर पहुंची और वहां अपने कक्ष में बैठने के साथ पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी बात की। इस मौके पर सफाई कर्मचारी यूनियन ने उनका स्वागत भी किया। इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले ने साबित कर दिया है कि उनकी बर्खास्तगी का फैसला असंवैधानिक था। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ताओं ने चार माह में नगर के विकास का काफी नुकसान किया है। अंजू अग्रवाल ने कहा कि 13 जुलाई को हुई बैठक में नगर के विकास के लिए जो प्रस्ताव पास किए गए थे, वे इतने थे कि पांच साल से ज्यादा विकास कार्य इन चार माह में होते। शिकायतकर्ताओं ने ना जाने क्यूं शहर के विकास कार्य को रोकने का काम किया है। इस बैठक के प्रस्तावों में सिटी बस, गऊ शाला की स्थापना, यात्री शेड बनाना, कांपेक्टर जैसे तमाम कार्य गिनाते हुए उन्होंने कहा कि अब बचे हुए कार्यकाल में वे शहर क विकास के कार्यो को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकता डेंगू से लोगों को बचाने के लिए फॉगिंग कराने का है। उन्होंने चार मशीने खरीदने के आदेश दिए थे। अभी जो मशीनें हैं, खराब पड़ी हैं। उपलब्ध संसाधनों से वे कार्य करेंगी। उनकी खबर भगवान लेगा, जो शिकायत करने में लगे रहे। इससे नुकसान शहर की जनता का हुआ है। यह पूछे जाने पर कि प्रशासन अभी हाईकोर्ट का आदेश ना मिलने की बात कहा रहा है, उन्होंने कहा कि इसी आदेश के आधार पर उन्हें चार्ज मिला है। बाकी औपचारिकताएं भी पूरी हो जाएंगी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए जो शिकायतें की गई, ऐसे शिकायतकर्ताओं पर वे मानहानि का दावा दायर करेंगी। इस मौके पर सभासद ओम सिंह, अरविंद धनगर, सभासद पति मुनेश कुमार के अलावा लिपिक अशोक धींगडा, प्रवीण कुमार, तनवीर आलम, सुनील वर्मा, आईटी अधिकारी प्रियेश कुमार व सफाई कर्मचारी यूनियन सोनू मचल और राजेश कुमार व जितेंद्र मचल आदि ने उनका स्वागत किया।

एक दिसंबर को बैठक बुलाने को कहा...

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। पद बहाल होने के आदेश की प्रति के साथ अंजू अग्रवाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में हाईकोर्ट के आदेशों की प्रति देते हुए कहा है कि हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव नगर विकास की ओर से उनकी बर्खास्तगी के आदेशों को खारिज कर दिया है। इसमें यह भी कहा गया है कि नगर पालिका के समस्त कार्यों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप ना किया जाए। इन आदेशों के क्रम में वे आज से अपना पदीय दायित्व विधिवत रूप से पुनः प्रारंभ कर रही हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी भी इस निर्देश के साथ उक्त आदेश की प्रति भेजी है कि वे एक दिसंबर को प्रातः 11 बजे कार्यालय कक्ष में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ उनकी बैठक सुनिश्चित करें ताकि जनहित व नगर विकास से संबंधित पत्रावलियों पर विचार व अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जनता ने मौका दिया तो फिर लड़ूंगी चुनाव: अंजू

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने कहा कि जनता ने मौका दिया तो मैं फिर चुनाव लड़ूंगी। पालिकाध्यक्ष पद भार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि पद उनके लिए महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन वे दोबारा चुनाव लडेंगी। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि मुझे कुर्सी का मोह नहीं है। हां इतना जरूर है कि चेयरमैन की कुर्सी के रूप में यह मौका उन्हें मिला है कि शहर का विकास और शहर के लोगों के लिए काम कर सकूं।

पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी की भाजपा में घर वापसी बीच में अटकी

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। भाजपा छोड़कर सपा में आए पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी की बुधवार को मुख्यमंत्री की मौजूदगी में घर वापसी बीच में अटक गई। सैनी काफिले के साथ खतौली के लिए रवाना भी हो गए, लेकिन बीच में उन्हें वापस लौटना पड़ा। हालांकि समर्थकों का कहना है कि अब धर्म सिंह सैनी लखनऊ में संगठन के नेताओं के बीच पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सहारनपुर के पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी की बुधवार को खतौली में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में घर वापसी तय थी। सैनी ने भी मीडिया को इसकी जानकारी दे दी थी। सोशल मीडिया पर भी यह खबर खूब वायरल हो रही थी। खतौली में जनसभा के आयोजकों को भी यह संदेश मिल गया था। सूत्रों का कहना है कि पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी सौ से अधिक समर्थकों के साथ सहारनपुर से चल भी दिए थे, लेकिन ऐन वक्त पर उनकी घर वापसी अटक गई। अभी यह तो साफ नहीं हो पाया है कि पूर्व मंत्री की भाजपा में वापसी क्यों रोकी गई है, लेकिन उनके समर्थकों का कहना है कि पूर्व मंत्री सैनी आने वाले दिनों में लखनऊ में भाजपा संगठन के बड़े नेताओं के बीच पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

खतौली में जाट करेगा किसके ठाठ

- जयंत और संजीव बालियान के बीच जाट वोटों की रोचक जंग
- खतौली सीट तय करेगी किस जाट नेता का है कितना बड़ा कद

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के लगातार खतौली क्षेत्र में डेरे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा से चुनावी माहौल जहां पूरी गर्मी पकड़ चुका है, वहीं जाट लैंड की इस खास सीट पर जाटों का रुख तय करेगा कि आने वाले दिनों में जिले की सियासत का चेहरा किस तरह बदलेगा। जानकार सियासतदां मानते हैं कि जाट वोटों से इस क्षेत्र में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान की सियासी पकड़ भी तय होगी। लोकसभा चुनाव में चौधरी अजित सिंह को पराजित करने में भाजपा के डॉ.संजीव बालियान के पक्ष में जाट वोटों के अच्छे रुझान ने भी काफी बड़ी भूमिका निभाई थी। इसके बाद डॉ.संजीव बालियान को जिले में जाटों के बड़े लीडर के रूप में पहचान मिली। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाकियू और रालोद के भाजपा के विरोध में खुल कर खड़ा होने का नतीजा यह रहा कि भाजपा को जिले की चार विधानसभा सीटों मीरांपुर, पुरकाजी, चरथावल और बुढाना से हाथ धोना पड़ा था। इसमें बुढ़ाना को तो जाट वोट की सबसे बड़ी सीट माना जाता है। इस सीट पर रालोद के राजपाल बालियान को भाकियू का खुला समर्थन भाजपा पर भारी पड़ा था। भाकियू के तेवर अभी भी भाजपा के विरोध में हैं। ऐसे में खतौली विधानसभा उपचुनाव ने जाट दिग्गजों को फिर से दो-दो हाथ करने का मौका दिया है। परिसीमन के बाद खतौली विधानसभा सीट पर हालांकि जाट वोटर की तादाद बहुत अधिक नहीं है। यहां अनुमानित बीस हजार के करीब जाट वोटर हैं। लेकिन माना जाता है कि चुनावी माहौल बनाने में यह वर्ग जागरूक होने के कारण एक बड़ी भूमिका निभाता है। इस बार रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी जिस तरह से गांव-गांव घूम रहे हैं उससे लग रहा है कि उनके भीतर अपने पिता की चुनावी हार का बदला लेने की टीस भी छुपी है। ऐसे में उनके निशाने पर निश्चित रूप से अजित सिंह को पराजित करने वाले डॉ.संजीव बालियान हैं। जाहिर है कि डॉ.बालियान के लिए भी यह सीट बचाना प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। इसके चलते उन्होंने भी पूरे इलाके में घूमकर अपनी प्रतिष्ठा के सवाल को लेकर समर्थन मांगा है। जहां तक भाजपा की बात है तो उसे पता है कि किसान आंदोलन के बाद से भाकियू के तीखे तेवरों के चलते उसके सामने जाटों में अपनी जमीन बचाने की चुनौती है। पिछले कई चुनावों से जाट को भाजपा का प्रबल समर्थक वोट माना जाता रहा है। यही वजह है कि उप राष्ट्रपति से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद तक भाजपा ने जाटों को प्राथमिकता दी है। खतौली चुनाव को 24 के लोकसभा चुनाव से पूर्व बानगी के रूप में भी देखा जा रहा है। यह बात रालोद गठबंधन और भाजपा दोनों को पता है। यही वजह है कि जयंत जहां खुद को पूरी तरह इस चुनाव में झोंके हुए हैं, वहीं भाजपा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समेत तमाम जाट दिग्गजों को चुनाव मैदान में उतारा जा चुका है। इस पूरी कवायद के बीच लोगों में यह देखने की जिज्ञासा है कि जाट वोटर खतौली में जयंत की बात सुनता है या फिर डॉ.संजीव बालियान क्षेत्रीय जाट धुरंधर के रूप में अपनी पहचान कायम रख पाते हैं। पिछले चुनाव में जाट वोटर ने विक्रम सैनी की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। इस बार चुनाव क्योंकि कांटे के मुकाबले में है,इसके चलते एक-एक वोट बेहद कीमती हो चली है। जमीनी हालात बताते हैं कि इस बार जाट वोटों में विभाजन तो तय है, लेकिन देखना यह है कि यह किसी पाले में कितना जाता है। अभी मतदान तक वोटर को खींचने और भरमाने के तमाम दांवपेंच चलना बाकी हैं।

प्रेम प्रसंग के चलते युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक के पिता ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में रतनपुरी के गांव भनवाड़ा निवासी आकिल ने आरोप लगाया कि 31 अगस्त को गांव का ही युवक उसके पुत्र को धोखे से बुलाकर ले गया था। पीड़ित ने बताया कि पुत्र के वापस न लोटने पर उसकी तलाश की गई, तो जंगल में उसके पुत्र को बुलाकर ले जाने वाला युवक अपने परिवार के लोगों के साथ यह कहते हुए कि वह उसकी बहन के साथ आशिकी करता है, मारपीट कर रहा था। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके पुत्र की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

विधायक नाहिद हसन को मिली जमानत

कैराना, 30 नवम्बर (बु.)। गैंगस्टर एक्ट के मामले में विधायक नाहिद हसन और उनकी माता तबस्सुम हसन सहित 40 लोगों पर दर्ज हुआ था मुकदमा। विधायक की बुधवार को हुई जमानत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर झलक उठी। दरअसल विधायक पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज कराया गया था। जनवरी माह में सपा नेता एवं कैराना विधायक को पुलिस द्वारा कस्टडी में ले लिया गया था और न्यायालय में पेश किया था। जहां से न्यायालय न्यायिक हिरासत में विधायक को भेजा था। तभी से विधायक जिला कारागार मुजफ्फरनगर में बंद थी, लेकिन कुछ समय पूर्व शासन के आदेश पर जिला जेल प्रशासन ने उनको चित्रकूट की जेल में शिफ्ट कर दिया था।

गैंगेस्टर के मामले में चित्रकूट की जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन को सुनवाई के बाद बुधवार को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति ने विधायक को गैंगस्टर के मामले में जमानत देने का आदेश जारी किया है। बताया जाता है की गैंगस्टर मामले में चित्रकूट की जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। हाईकोर्ट में जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति ने विधायक को गैंगस्टर के मामले में जमानत दी है। जैसे ही जमानत की खबर निकलकर सामने आई, तो विधायक के समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। बताते चलें कि गत् 15 जनवरी को कैराना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में समाजवादी पार्टी के विधायक नाहिद हसन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। कोर्ट के मुकदमे को देखते हुए उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, तभी से समाजवादी के विधायक नाहिद हसन जिला जेल में बंद थे। लेकिन उनके अधिवक्ताओं के माध्यम से स्थानीय कैराना कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गई थी, लेकिन कोर्ट ने उसको खारिज करते हुए जमानत नही दी थी, जिसके बाद उनके अधिवक्ता के माध्यम से जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी लगाई गई थी। वहीं पुलिस प्रशासन ने जिला कारागार से लगभग दो माह पूर्व विधायक नाहिद हसन को चित्रकूट की जेल में भेज दिया था। सूत्रों की माने तो बुधवार को हाईकोर्ट में नाहिद हसन की गैंगस्टर एक्ट के मामले में जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने जमानत देते हुए आदेश जारी किया है। अब विधायक नाहिद हसन रिहा हो जायेंगे। जैसे ही समाचार सामने आया, तो विधायक के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

घर के पास पड़ा मिला वृद्ध का शव

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर में एक वृद्ध का शव घर के नजदीक पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला सुभाषनगर में आज सवेरे मौहल्ला वासियों ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव नल के पास पड़ा मिला। नागरिकों की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुभाषनगर निवासी 85 वर्षीय बलीराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वृद्ध की मौत बीमारी के चलते हुई है।

विवाह समारोह में जेवर चोरी करने वाला गिरोह दबोचा

- पकड़े गए आरोपियों में तीन महिलाएं भी शामिल
- आरोपियों से लाखों की नकदी व गहने और कार बरामद

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। विवाह समारोह में गहने चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को नई मंडी पुलिस ने चार दिन पहले चोरी किये गए गहनों के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसएसपी विनीत जायसवाल और एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि बीती 26 नवंबर को रूपक वर्मा निवासी अग्रसेन विहार के परिवार का एक समारोह भोपा रोड स्थित होटल रेडिएंट इन में था। समारोह के दौरान दो महिलाओं ने एक बैग चोरी कर लिया था, बैग में नकदी और जेवर थे। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। एक सूचना के आधार पर पुलिस ने एटूजेड रोड़ पर चार महिलाओं और एक व्यक्ति को दबोच लिया। दबोचे गए आरोपियों से समारोह से चोरी बैग बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम संगीता पत्नी एस कुमार, एस कुमार, शबाना पत्नी ब्रजेश निवासी ग्राम गुलखेडी थाना बोडा जिला राजगढ, मध्यप्रदेश, हीना पत्नी प्रकाश और रंजना पत्नी बीरू निवासी ग्राम कडिया थाना बोडा जनपद राजगढ, मध्य प्रदेश बताए। दबोचे गए आरोपी सासी जाती के हैं, उनके कब्जे से 1.44 लाख कैश और नौ लाख रुपये के जेवर, तीन मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट गाडी बरामद की गई है। आरोपी बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र में भी इसी तरह चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। उक्त चोरी के भी भारी मात्रा में जेवर बरामद हुए हैं।

दंगों की याद दिलाकर ध्रुवीकरण का कार्ड खेल गए योगी

- जनता से की अपील-सचिन और गौरव के बलिदान का गौरव कभी मत भूलना
- बहन-बेटियों की सुरक्षा को लेकर जनता को भावनात्मक रूप से झकझोरा

-राकेश शर्मा-

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। खतौली उपचुनाव में मतदाताओं को साधने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2013 के दंगों की यादों को ताजा कर ध्रुवीकरण का कार्ड खेल गए। अपार जनसमूह की नब्ज पकड़ते हुए योगी चुनाव को एक बार फिर कवाल कांड से जोड़ने में कामयाब होते नजर आए। जाते-जाते योगी सचिन और गौरव के बलिदान को ना भूलने और बहू-बेटियों की सुरक्षा को लेकर लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ गए। यही वजह थी कि लोगों ने भी योगी-योगी के नारे लगाकर उनके हर व्यक्तव्य पर मुहर लगाने का काम किया।

साल 2013 का दंगा भाजपा के लिए किसी सियासी वरदान से कम नहीं रहा है। 2014 का लोकसभा चुनाव हो या इसके बाद हुए 2017 के यूपी विधानसभा, फिर 2019 का लोकसभा चुनाव इसी ईद गिर्द रहा है। हालांकि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी मशक्कत के बाद भी जिले में चार सीटों से हाथ धोना पड़ा है। मुजफ्फरनगर सदर सीट के बाद खतौली विधानसभा सीट ऐसी है, जो भाजपा के समीकरणों के हिसाब से सबसे मजबूत मानी जाती है। विक्रम सैनी की विधायकी जाने के बाद भाजपा शुरू से ही इस खतौली की सीट पर हो रहे इस आकस्मिक चुनाव को कवाल के बवाल से ही जोड़कर चल रही है। पार्टी ने सीधे तौर पर यह संदेश देने की कोशिश की है कि विक्रम सैनी की सदस्यता हिन्दुत्व की रक्षा की लड़ाई में गई है। विपक्ष भी इस बात से वाकिफ था तभी रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पीपलशाह गांव की अपनी पहली रैली में मतदाताओं को आगाह किया था कि इस चुनाव में ही कवाल और दंगे के मुद्दे को भाजपा एक सियासी हथियार के रूप में इस्तेमाल करेगी। विपक्ष का यह अंदेशा गलत नहीं था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पूरा भाषण सुरक्षा, दंगा, कवाल और सचिन व गौरव की मौत के इर्द-गिर्द ही बना रहा। उन्होंने कवाल के बवाल के लिए सपा रालोद गठबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उस समय लोकदल के नेता कहां थे? सचिन और गौरव को जिस क्रूरता से मारा गया, उसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी है कि वो गठबंधन वापस न आ सके जो दंगाईयों के साथ खड़ा नजर आया था। इसके लिए यह भी जरूरी है कि जनता इस चुनाव में भी पिछले दो चुनाव की तरह सुशासन और सुरक्षा के लिए भाजपा को चुने। मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण के जरिये विपक्ष को घेरने के साथ मतदाताओं को सचिन और गौरव की हत्या, बहू-बेटियों के मान सम्मान और सुरक्षा के मुद्दे पर भी लोगों को भावनात्मक रूप से -क-ोरने का काम किया। इसका असर भी योगी को सुनने आए अपार जनसमूह पर साफ नजर आया। बीच-बीच में योगी-योगी के नारों ने माहौल को बदलने का इशारा दिया। कुल मिलाकर जिस प्रकार मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण में कवाल में सचिन और गौरव की मौत से लेकर कैराना-कांधला के पलायन से जोड़ने का काम किया तो खतौली का यह उपचुनाव एक बार फिर से वोटों के ध्रुवीकरण की और जाता प्रतीत हो रहा है। सियासी जानकारों का भी कहना है कि योगी की इस रैली ने एक बार फिर से अभी तक इस चुनाव में ठण्डे माने जा रहे कवाल के मुद्दे को नई ताजगी देने का काम कर दिखाया है। अब यह पांच दिसंबर की तारीख ही तय करेगी कि सपा-रालोद के गठबंधन के सियासी भाईचारे के सामाजिक गठजोड़ पर योगी का यह ध्रुवीकरण का कार्ड कितना प्रभावी और भारी साबित होता है।

बड़े मंच पर खूब फिसली नेताओं की जुबान

मुजफ्फरनगर। खतौली उपचुनाव के चुनाव प्रचार में आज भाजपा द्वारा सजाये गये बड़े मंच पर कई नेताओं की जुबान फिसल गई। रैली में भीड़ का रैला देखकर सीएम योगी से लेकर मंत्री, विधायक और दूसरे नेता सबके सब उत्साहित थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विक्रम सैनी और राजकुमारी सैनी की सराहना करते हुए बोल गए कि हमारी उम्मीदवार विक्रम सैनी को भारी मतों से जिताएं। योगी को अपनी चूक का अहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत ही राजकुमारी सैनी का नाम लिया। इसी तरह राज्यमंत्री जसवंत सैनी एक बार राजकुमारी सैनी की बजाये बहन मायावती बोल गए थे, बाद में उन्होंने भी भूल सुधार किया। इसी प्रकार कई नेता मंच पर उपस्थित दर्शाने के लिए भाजपा के बागी नेता रहे डॉ. धर्म सिंह सैनी का भी नाम बोल गए।

गोकशी आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा

कैराना, 30 नवम्बर (बु.)। 2 मई 2022 को पुलिस ने गांव मन्ना माजरा में एक मकान पर छापा मार कर गोकशी पकड़ी थी। पुलिस ने 6 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। उक्त गोकशी में मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी के घर पर अदालत से आदेश प्राप्त करके पुलिस ने धारा 82 के तहत कुर्की नोटिस चस्पा कर दिया।
कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि 2 मई को पुलिस ने मन्ना माजरा में रियासत के मकान पर छापा मारकर गोकशी पकड़ी थी। उक्त मुकदमें में मुबारिक पुत्र नवाब निवासी मन्ना माजरा फरार चल रहा है। मामले में पुलिस ने अदालत से आदेश प्राप्त करके गांव मन्ना माजरा में आरोपी मुबारिक के घर पर धारा 82 के तहत कुर्की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा कर दिया। आरोपी के कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर अदालत से आदेश प्राप्त करके पुलिस जल्द ही आरोपी के घर की कुर्की करेगी।

वृद्ध को लाठी डंडों से पीटकर घायल किया

कैराना, 30 नवम्बर (बु.)। गली में खड़ी गाड़ी पर कूड़ा डालने को लेकर एक वृद्ध ने बच्चों को धमका दिया। इससे क्षुब्ध होकर बच्चे के पिता ने वृद्ध के ऊपर लाठी डंडे से हमला करके घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। मौहल्ला दरबार खुर्द निवासी वृद्ध इम्तियाज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके मौहल्ले में एक गाड़ी खड़ी थी, जिस पर कुछ बच्चे कूड़ा डाल रहे थे। उसने बच्चों को हलका सा धमका दिया। इससे क्षुब्ध होकर बच्चे के पिता ने उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने वृद्ध को मेडिकल करा कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पांच माह बाद चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कैराना, 30 नवम्बर (बु.)। 5 महीने पहले घर में घुसकर नकदी व मोबाइल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया। 16 मई को मौहल्ला अफगानान में नदीम के घर से रात्रि में चोरों ने 25 हजार की नकदी व मोबाइल चोरी कर लिया था। बुधवार को पुलिस मामले में फरार चल रहे शौकीन निवासी मौहल्ला गुलशननगर को चोरी की गई 1700 रुपए की नकदी के साथ पानीपत बाईपास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी विदाई

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। उत्तर-प्रदेश पुलिस को अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिसकर्मियों को पुष्पमाला पहनायी गयी तथा उनके द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु किये गये सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाएं दी।

पूर्व विधायक ने रैली का किया शुभारंभ

पुरकाजी, 30 नवम्बर (बु.)। नगर पुरकाजी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में सैंकडो पार्टी कार्यकर्ता भारत भूषण खुल्लर सदस्य जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में 2 बसें व दर्जनों कारों के काफिले को पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल ने पार्टी झण्डा दिखाकर रवाना किया। रैली कार्यक्रम में जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा डॉ. ओपी गौतम, हरिराम सक्सेना, सभासद निसार अहमद, निर्दोष जैन, सभासद नरेन्द्रपाल, काशीराम, आदेश सिंघल, ऋतु सिंघल, फूल कुमार रघुवीर भगत आदि शामिल रहे।

जिले में चलाया चैकिंग अभियान

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, पेट्रोल पम्प, जनसेवा केन्द्रों एवं अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चैकिंग की तथा सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को चेक करते हुए प्रबंधकों से कुशलता जानी गई। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग हेतु बैरियर लगाकर सतर्क दृष्टि रखी।

सहकारी समिति के भवन का उद्घाटन

कांधला, 30 नवम्बर (बु.)। खण्ड विकास के गांव भमीसा में किसान सेवा सहकारी समिति के लिए जीर्णोद्धार कार्यक्रम उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि योगेंद्र पाल सिंह एंव सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समिति जनपद शामली राजवीर सिंह ने उद्घाटन किया। अध्यक्षता चौ. मोहर सिंह द्वारा की गई। मुख्य अतिथियों ने किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभान्वित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान हरेंद्र, डॉ. विकास मलिक, कामायानी सिंघल, एडीओ धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार, अशोक कुमार, संदीप शर्मा, सोमपाल सिंह, सुधीर मौजूद रहे।

मनमोहक... ...मनभावन

फोटो बुलेटिन

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, मंचीय प्रस्तुति देतीं स्कूल की छात्राएं तथा छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि एवं आयोजक।

मोरना पीएचसी पर चिकित्सक संग की गई गाली गलौच

भोपा, 30 नवम्बर (बु.)। मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात चिकित्सक ने फार्मेसिस्ट कर्मचारी पर सरेआम गाली गलौच करने व जातिसूचक भाषा का प्रयोग करने व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं गाली गलौच का शर्मनाक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बुधवार को अस्पताल पहुँची भोपा पुलिस ने घटना की जानकारी की है।

कर्मचारी पर लगा आरोप, जांच शुरू

भोपा थाना क्षेत्र के मोरना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात चिकित्सक डॉ. मदनगोपाल ने बताया कि अस्पताल में तैनात कायस्थ कर्मचारी आये दिन उनको अकारण की जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सरेआम गाली गलौच करता रहता है। आरोपी फार्मेसिस्ट उनके परिवार के सदस्यों को भी भद्दी गालियाँ देता रहता है, जिससे उनका अस्पताल में ड्यूटी करना मुश्किल हो गया है। आरोपी सरेआम घण्टों गाली गलौच करता है। आरोपी सामाजिक मर्यादाओं को लांघकर मरीजों के सामने ही गाली गलौच करता है, जिससे अस्पताल की छवि खराब हो रही है। लगातार भारी अपमान को लेकर वह मानसिक रूप से आहत हैं। आरोपी जान बूझकर साजिश के तहत उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। पीड़ित चिकित्सक ने आरोपी के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत कर कार्रवाई की माँग की है, वहीं पुलिस ने बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचकर घटना की जानकारी की है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह ने बताया मामला जानकारी में आया है, जिसकी जांच की जायेगी।

भाभी को मारपीट कर किया घायल

भोपा, 30 नवम्बर (बु.)। कस्बा मोरना में देवर ने रात्रि में गाली गलौच करते हुए भाभी को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने बच्चों संग थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा मोरना निवासी मोनी देवी ने दी तहरीर में बताया कि उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता है। बीते रविवार की रात्रि में वह अपना कमरा बंद करके बच्चों के साथ अंदर सो रही थी। मध्य रात्रि में उसके पति ने दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। मैने उसके डर के चलते गेट नहीं खोला, जिसके बाद उसके देवर ने आवाज लगाई तो उसने दरवाजा खोल दिया। आरोप है कि देवर ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने सरकारी अस्पताल में उपचार कराया है। पीड़िता ने बच्चों संग थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक सुशील सैनी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



आदर्श बाल गृह में बच्चों को गर्म कपड़े देने के निर्देश

रसोई घर के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य की भी ली गई जानकारी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष द्वारा आदर्श बाल गृह (शिशु) का औचक निरीक्षण कर सर्दी में बच्चों को गर्म कपड़े देने और मच्छरों से बचाव का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट न्यायपीठ) जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा आदर्श बाल गृह (शिशु) (0 से 10 वर्ष की आयु के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों हेतु आवासीय संस्था) गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर का शाम के समय औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आवासीय व्यवस्था, रसोई घर एवं आवासित बच्चों के स्वास्थ्य के विषय मे जानकारी की गई। आदर्श बाल गृह मे 05 बच्चे आवासित है। 01 बच्चे के हाथ में जख्म था जिसका उपचार करवाने के लिए संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया था वर्तमान में उक्त बच्चे का उपचार वर्धमान हॉस्पिटल में चल रहा है तथा बच्चे के हाथ का जख्म धीरे धीरे भर रहा है। सर्दियों के मौसम को देखते हुए बच्चों के लिए गर्म कपड़ों की व्यवस्था एवम आवासित बच्चों के मच्छरों से बचाव के उपायों का भी निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति मुजफ्फरनगर द्वारा प्रबंधक व रसोइया को निर्देशित किया गया कि सर्दी के मौसम में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा बासी भोजन या जंक फूड और फास्ट फूड आदि न दिया जाए। इस अवसर पर संस्था अधीक्षक रेणु रानी, विधि सलाहकार अशोक शर्मा, श्रीमती मितलेश शर्मा प्रबंधक व सह आंकड़ा प्रविष्टि प्रचालक मो.आरिफ उपस्थित रहे।

शातिर गौकश को दबोच किया घटना का खुलासा

भोपा, 30 नवम्बर (बु.)। सप्ताह पूर्व भोकरहेड़ी सीकरी मार्ग पर हुई गौकशी की घटना का खुलासा करते हुए भोपा पुलिस ने दो शातिर गौकश को गिरफ्तार कर जेला व फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी है।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि बीते 23 नवम्बर की सुबह भोकरहेड़ी निवासी बिजेन्द्र के गन्ने के खेत में हुई गौकशी की घटना में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने गाँव सीकरी निवासी मुकीम व मनव्वर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बीते 23 नवम्बर की भोकरहेड़ी में इरफान के पुत्र की शादी थी, जिसमें इन्होंने तीन कुन्तल माँस सप्लाई करने का ठेका लिया हुआ था। भैंस के बदले में गाय का मांस सप्लाई करने की योजना पर कार्य करते हुए 22 नवम्बर की रात अभियुक्त मुकीम, मनव्वर व फरमान निवासी सीकरी ने भोकरहेड़ी में सड़क पर आवारा घूमने वाली दो गाय को पकड़कर बिजेन्द्र के गन्ने के खेत में उनका वध कर दिया। भोकरहेड़ी के जंगल में गौकशी होने की सूचना जब इरफान को पता चली तो उसने मुकीम, मनव्वर फरमान से माँस लेने से इनकार कर दिया।

भैंस के बदले गाय का मीट सप्लाई करने की योजना असफल होने पर फरमान मीट को बेचने के लिये उत्तराखंड ले गया। वहीं गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल गन्ने के खेत से लकड़ी के दो गुटके व एक रस्सी बरामद की गयी। अभियुक्त मनव्वर पर भोपा थाना पर तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि मुकीम पर भोपा थाना पर विभिन्न आपराधिक मामलों में आठ मुकदमे दर्ज हैं। फरार अभियुक्त फरमान की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

फोटो बुलेटिन

भोपा पुलिस की गिरफ्त में गौकश मुकीम व मुनव्वर।

कबड्डी खिताब जीतने पर खिलाड़ियों का अभिनंदन

फोटो बुलेटिन

खिताबी जीत लेकर आई टीम के खिलाड़ियों के साथ डॉ. कुलश्रेष्ठ

श्रीराम कॉलेज की टीम ने जीती है मां शाकुंभरी विश्व विद्यालय की अंतर महा विद्यालय ट्राफी

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। श्रीराम कॉलेज ने एस.डी.कॉलेज को हराकर मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय अंतर महा विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता जीती, तो बुधवार को ट्राफी के साथ कॉलेज पहुंचे सभी खिलाड़ियों का इस उपलब्धि के लिए अभिनंदन किया गया।

चौधरी छोटूराम पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें श्रीराम कॉलेज ने लीग मैचों के आधार पर सर्वाधिक 6 अंक प्राप्त कर एसडी कॉलेज को हराते हुए खिताब पर कब्जा किया। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ ने शारीरिक शिक्षा विभाग एवं विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि श्रीराम कॉलेज हमेशा से ही खेलों में बेहतर प्रदर्शन करता रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थी खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉलेज निदेशक डा. अशोक कुमार, प्राचार्य डा. प्रेरणा मित्तल ने कबड्डी टीम को इस खिताबी जीत की बधाई दी। शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं खेल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में 16 महाविद्यालयों की कबड्डी टीमों भाग लिया, श्रीराम कॉलेज के कुल 04 मुकाबले हुए। कॉलेज की कबड्डी टीम के कोच संदीप कुमार एवं टीम मैनेजर भूपेंद्र, अमरदीप शर्मा और तरुण कुमार मौजूद रहे।

जमीन बेचने के नाम पर 30 लाख की ठगी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। जमीन का सौदा करने के बाद आरोपियों ने एक महिला से 30 लाख रुपये हड़पने के बाद, उसको डराया और धमकाया गया। पीड़िता ने ऐसे ही आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली दी गई तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी के मामले में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सोमवती निवासी रामलीला टीला ने आरोप लगाया कि गांव खांजापुर में एक जमीन बेचने के नाम पर बल्लू, शमीम व यामीन ने उससे 30 लाख रुपये बयाना लिया था। आरोप है कि बैनामे की लिये निर्धारित तिथि से पहले उक्त लोगों ने जमीन किसी और को बेच दी और 30 लाख रुपया उनसे वापस मांगने पर हत्या की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

साइबर अपराधियों द्वारा ठगी लाखों की रकम वापस कराई

चार लोगों के बैंक खातों से उड़ाई गई थी एक लाख रुपये से ज्यादा की रकम, मिली राहत

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। साइबर अपराधियों ने चार लोगों के खाते से धोखाधड़ी करते हुए लाखों की रकम उड़ा ली। साइबर सेल ने कार्यवाही करते हुए पीड़ितों से ठगी गई रकम को उनके खातो में वापस कराया।

सिविल लाइन निवासी नितिन कुमार पुत्र सतीश चन्द द्वारा साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबिक्विक के माध्यम से ऑनलाईन फ्रॉड कर उनसे धोखाधड़ी की गयी है। साइबर सैल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 19 हजार 751 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराये गये। एक अन्य मामले में तितावी क्षेत्र के गांव बघरा निवासी विरेन्द्र कुमार पुत्र ताराचन्द ने साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने ओटीपी के माध्यम से धोखाधड़ी कर उसकी रकम ठग ली है।

साइबर सैल ने कार्यवाही करते हुए 61 हजार 999 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। नई मंडी क्षेत्र की वसुन्धरा कॉलोनी निवासी आर.के गुप्ता ने साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने कनेक्शन काटने के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए रकम उड़ा ली है। साइबर सेल ने कार्यवाही करते हुए 8 हजार 827 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिये। शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी राहत खान पुत्र युनूस ने साइबर सेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी कर उसकी रकम उड़ा ली है। साइबर सेल ने कार्यवाही करते हुए 15 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिये।

पीड़ित हुए खुश

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1200, रसकट ढैया-930-960, चाकू 1050-1200, लड्डू 1125-1270, खुरपापाड़ 1050-1075, शक्कर मसाला 1200-1300। आमद-6,000 मन।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 53,000	चांदी-62,000
सिक्का- 750	गिन्नी- 40,200

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 01 दिसंबर, 2022

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, विरोधियों के वर्चस्व में कमी, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, संभावित यात्रा का प्रसंग।
वृषभ- स्वास्थ्य में अनुकूलता, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय में रुझान, मौजमस्ती में व्यय।
मिथुन- कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु किये जा रहे प्रयास सार्थक, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, आयोजन का सुअवसर।
कर्क- संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय अधिक, परीक्षा में असफलता। धन हानि।
सिंह- परिस्थितियों में सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, मनोरंजन के साधन सुलभ।
कन्या- विचाराधीन योजना मूर्त रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनो-विनोद के अवसर।
तुला- नौकरी में प्रोन्नति से स्थानान्तरण हेतु विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नव समाचार मिलने से प्रसन्नता।
वृश्चिक-प्रगति में बाधा, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से दुर्घटना की आशंका।
धनु- व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित बाधा समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग।
मकर- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन में रुचि।
कुम्भ- शारीरिक सुख, कार्यों में प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।
मीन- व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, प्रियजनों से मतभेद, विनोद के अवसर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

कुसुम कुमारी अग्रवाल वाद-विवाद प्रतियोगिता में सोशल मीडिया पर मंथन

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में 21वीं कुसुम कुमारी अग्रवाल स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सोमांश प्रकाश व विशिष्ट अतिथि डीआईओएस गजेन्द्र कुमार, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा, भारतीय शिक्षा समिति विद्या भारती (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के सचिव अरुण खंडेलवाल, विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग, प्रबंधक विनोद संगल, सह प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, डायरेक्टर डॉ. एमकेगुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी एवं श्रीमती ममता चौहान हैड मिस्ट्रैस जूनियर विंग द्वारा उनका हार्दिक स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने स्कूल बैंड द्वारा मधुर धुन की प्रस्तुति देकर आने वाले अतिथियों का अभिनन्दन किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि सोमांश प्रकाश व विशिष्ट अतिथि गजेंद्र कुमार, डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा व अरुण खंडेलवाल द्वारा कुसुम कुमारी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये। ऋतु जैन द्वारा कुसुम कुमारी अग्रवाल के जीवन पर प्रकाश डाला। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'सोशल मीडिया इम्प्रूव प्यूपिल रिलेशनशिप' पर जिले के 25 स्कूलों से आए 50 प्रतिभागियों ने पक्ष व विपक्ष में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मण्डल के सदस्य प्रो. आरएम तिवारी, राकेश कौशिक रहे।

सराहनीय प्रदर्शन....

जिले के 25 स्कूलों के 50 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग, छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों और तर्कों से निर्णायक मण्डल को किया काफी प्रभावित

अतिथियों ने अपने वक्तव्य में सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की और अपनी शुभकामनाएँ दी और भविष्य में अत्यधिक प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का यूज सही और गलत का ध्यान रख कर ही करें।

वाद- विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हर्षित धीमान दा एसडी पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान माधव प्रताप सिंह होली एजिल्स कान्वेंट स्कूल एवं तृतीय स्थान शशांक शर्मा शारदेन स्कूल ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुसुम कुमारी अग्रवाल चल वैजयंती होली एजिल्स कान्वेंट स्कूल ने प्राप्त की। विद्यालय के अध्यक्ष मिलिन्द अग्रवाल, प्रबन्धक विनोद संगल और प्रधानाचार्य आजाद वीर ने सभी का आभार व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किये गये। संचालन ऋतु जैन व बबीता शर्मा ने किया।

फोटो बुलेटिन

वाद-विवाद प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (वि.)7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

पैट्रोल-डीजल की कीमतें

कच्चे तेल के दाम गिरने के चलते देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। खबरें हैं कि इंटरनेशनल बाजार में कच्चे तेल की कीमत जनवरी से निचले स्तर पर हैं। यह अब 81 डॉलर से नीचे आ गया है। अमेरिकी क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। खासतौर पर कच्चे तेल की कीमत में बड़ी गिरावट से भारतीय रिफाइनरी के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत घटकर 82 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। मार्च में ये 112.8 डॉलर थी। इस हिसाब से 8 महीने में रिफाइनिंग कंपनियों के लिए कच्चे तेल के दाम 31 डॉलर यानी 27 प्रतिशत कम हो गए हैं। एसएमसी ग्लोबल के मुताबिक, क्रूड में 1 डॉलर गिरावट आने पर देश की तेल कंपनियों को रिफाइनिंग पर प्रति लीटर 45 पैसे की बचत होती है। इस हिसाब से पेट्रोल-डीजल के दाम 14 रुपए प्रति लीटर तक कम होने चाहिएं। विशेषज्ञों के मुताबिक पूरी कटौती एक बार में नहीं होगी। अभी देश में पेट्रोल और डीजल की जो कीमतें हैं, उसके हिसाब से क्रूड ऑयल का इंडियन बास्केट करीब 85 डॉलर प्रति बैरल होना चाहिए, लेकिन ये 82 डॉलर के आसपास आ गया है। इस भाव पर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को प्रति बैरल यानी 159 लीटर पर रिफाइनिंग पर करीब 245 रुपए की बचत होगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर मुनाफा होने लगा है, लेकिन डीजल पर अब भी 4 रुपए प्रति लीटर घाटा हो रहा है। तब से अब तक ब्रेंट क्रूड करीब 10 प्रतिशत सस्ता हो गया है। ऐसे में कंपनियां डीजल पर भी मुनाफे में आ गई हैं। पेट्रोलियम एक्सपर्ट नरेंद्र तनेजा ने कहा कि ब्रेंट तेजी से 70 डॉलर की तरफ बढ़ रहा है। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम जरूर कम होंगे, लेकिन थोड़ा वक़्त लगेगा। तेल आयात से लेकर रिफाइनिंग तक का साइकल 30 दिन का होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने के एक माह बाद असर दिखता है। हम अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल बाहर से खरीदते हैं। इसकी कीमत हमें डॉलर में चुकानी होती है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और डॉलर के मजबूत होने से पेट्रोल-डीजल महंगे होने लगते हैं। कच्चा तेल बैरल में आता है। एक बैरल यानी 159 लीटर कच्चा तेल होता है। जून 2010 तक सरकार पेट्रोल की कीमत निर्धारित करती थी और हर 15 दिन में इसे बदला जाता था। 26 जून 2010 के बाद सरकार ने पेट्रोल की कीमतों का निर्धारण ऑयल कंपनियों के ऊपर छोड़ दिया। इसी तरह अक्टूबर 2014 तक डीजल की कीमत भी सरकार निर्धारित करती थी। 19 अक्टूबर 2014 से सरकार ने ये काम भी ऑयल कंपनियों को सौंप दिया। अभी ऑयल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत, एक्सचेंज रेट, टैक्स, पेट्रोल-डीजल के ट्रांसपोर्टेशन का खर्च और बाकी कई चीजों को ध्यान में रखते हुए रोजाना पेट्रोल-डीजल की कीमत निर्धारित करती हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल और डीजल की महंगाई को देखते हुए बड़ा ऐलान किया था, जिसके बाद कच्चे तेल, डीजल-पेट्रोल और एविएशन फ्यूल पर लगाए गए नए टैक्स की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय कीमतों को ध्यान में रखते हुए हर पखवाड़े करों की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही ईंधन की कीमतों की भी समीक्षा की जा सकती है। वित्त मंत्री सीतारमण ने बातचीत के दौरान कहा कि यह मुश्किल समय है और वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बेलगाम हो गई हैं। उन्होंने कहा, हम निर्यात को हतोत्साहित नहीं करना चाहते, बल्कि घरेलू स्तर पर इसकी उपलब्धता बढ़ाना चाहते हैं। यदि तेल उपलब्ध नहीं है और अप्रत्याशित लाभ के साथ निर्यात होता रहता है, तो इसका कम से कम कुछ हिस्सा अपने नागरिकों के लिए भी रखने की आवश्यकता है। सरकार ने पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन के निर्यात पर भी कर लगाने की घोषणा की है। आपको बता दें कि पेट्रोल और एटीएफ के निर्यात पर 6 रुपये प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपये प्रति लीटर का टैक्स लगाया गया है। यह नया नियम भी 1 जुलाई से लागू हो गया है। इसके अलावा ब्रिटेन की तरह स्थानीय स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी टैक्स लगाने का ऐलान किया गया है। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर 23,250 रुपए प्रति टन का टैक्स लगाया गया है। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने कहा कि नया कर एसईजेड इकाइयों पर भी लागू होगा, लेकिन उनके निर्यात पर कोई रोक नहीं होगी। इसके साथ ही रुपये की गिरावट पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। सरकार आयात पर रुपये के मूल्य के प्रभाव के प्रति पूरी तरह सचेत है। दूसरी तरफ ऐसी भी खबरें हैं कि इस समय लगभग पूरी दुनिया ही ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। कहीं प्राकृतिक गैस तो कहीं कोयले की कमी से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना चुनौती बन गया है। भारत में भी कई पावर प्लांट पर कोयले की आपूर्ति कम होने की बात कही जा रही है। राज्य सरकारें इसे लेकर चिंता जाहिर कर चुकी हैं और कई बिजली संयंत्र कोयले की कमी का सामना कर रहे हैं। इसी तरह प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जहाँ एक तरफ इसकी आपूर्ति पर्याप्त नहीं है, वहीं इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है और कीमतों में वृद्धि हुई है। दुनियाभर में कई कारणों से ऊर्जा की मांग में बढ़ोतरी हुई है। विशेषज्ञ इसके पीछे, मौसम में बदलाव और कोयले के उत्पादन में आई कमी को ज़िम्मेदार बताते हैं। उत्तरी गोलार्द्ध में आने वाले कई इलाकों में लंबा ठंड का मौसम देखने को मिला, जिससे गर्मी देने वाले बिजली के उपकरण इस्तेमाल होने लगे। पिछली गर्मियों में अमेरिका और यूरोप में गर्म हवाएं चलीं, जिसने एयर कंडिशनर के इस्तेमाल को बढ़ा दिया। इससे बिजली की खपत भी बढ़ने लगी।हमेशा एक से दो प्रतिशत मांग ही बढ़ रही थी।चीन और भारत दो ऐसे बड़े देश हैं, जो दुनिया की पूरी आबादी में ऊर्जा का 40 प्रतिशत हिस्सा खर्च करते हैं। ये दोनों ही देश अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक कोयले पर निर्भर करते हैं। कोयले के आयात के मामले में चीन दुनिया में नंबर एक पर है और भारत नंबर तीन पर। वहीं, कोयले के उत्पादन के मामले में भी चीन और भारत क्रमशः नंबर एक और दो पर आते हैं। इस बीच पेट्रोल डीजल की कीमतों में गिरावट की खबर राहत देने वाली है।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"शैतान" "शिकंजा" "जालिम" "शक्ल"

आजकल शैतान ने कैसा शिकंजा कस लिया,
अच्छे खासे लोग भी जालिम नजर आने लगे।
इन्सां की अस्ल शक्ल को ढक दिया पोशाक ने,
जाहिल भी अब तो दोस्तो आलिम नजर आने लगे।

दो माह पूर्व पकड़ा गया सेल टैक्स चोरी का माल छोड़ा

-कोतवाली पर खड़ा रहा ट्रक, दर दर की ठोकरें खाता रहा ट्रांसपोर्टर
-सेल टैक्स विभाग की लापरवाही, विभाग के अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

कैराना, 30 नवम्बर (बु.)। दो माह पूर्व सेल टैक्स चोरी के आरोप में पकड़ा गया ट्रक सामान सहित कोतवाली पर लाकर खड़ा कर दिया था। बार-बार चक्कर काटने के बाद आखिरकार ट्रक और समान नहीं छोड़ा था, लेकिन बुधवार को कोतवाली पर आरोप, प्रत्यारोप के बीच असिस्टेंट कमिश्नर सहारनपुर द्वारा छोड़ दिया गया, जिसके बाद व्यापारियों ने असिस्टेंट कमिश्नर पर गलत तरीके से कुछ लोगों का सामान छोड़ने का आरोप भी जड़ा है। गत् 28 सितंबर को सेल टैक्स विभाग की जनपद सहारनपुर की एक टीम असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष पाठक द्वारा सेल टैक्स चोरी के आरोप में एक बड़े ट्रक में भरे हुए माल को पकड़ लिया था। ट्रांसपोर्टर के मुताबिक असिस्टेंट कमिश्नर की टीम ने ट्रक को शामली से पकड़कर कैराना कोतवाली में लाकर खड़ा कर दिया था। उक्त ट्रक शामली स्थित न्यू शक्ति ट्रांसपोर्ट का बताया गया था। तभी से ट्रांसपोर्टर और व्यापारी अपने अपने समान को लेकर भागदौड़ करते रहे, लेकिन उनके द्वारा ना तो समान छोड़ा गया और ना ही ट्रक। इस बीच कई तरह के आरोप भी टीम पर लगे, लेकिन टीम की भूख बढ़ते देख मामला निपट नहीं पाया। वहीं बुधवार को असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष पाठक कैराना कोतवाली में पहुंचे तथा दो माह पहले पकड़े गये ट्रक से कुछ माल उतरवाया गया तथा उक्त माल को अन्य गाड़ियों में लोड कर भेजा गया, वहीं मौके पर मौजूद सोनू नामक व्यापारी ने बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा 2 माह बाद कुछ लोगों द्वारा बिल दिखाने के नाम पर माल छोड़ा जा रहा हैं, जबकि किसी के पास उक्त माल के बिल नहीं हैं। वहीं मौके पर मौजूद असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष पाठक से जब उनका पक्ष जानना चाहा, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में बताने की परमिशन नहीं हैं,अब भला बात करे असिस्टेंट कमिश्नर की, तो उनको तो अपनी टीम और कार्रवाई करने पर बताने की पूरी पावर है, लेकिन विभाग की लापरवाही और भ्रष्टाचारी की बू देखकर हर कोई इनके ख्यालात समझ सकता है।

शारदेन स्कूल के बच्चों ने दिखाया दमखम

-शारदेन स्कूल के बच्चों ने 2 सिल्वर और तीन ब्रांज पर किया कब्जा

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर के मेरठ रोड स्थित स्कूल के मेधावी छात्रों ने बीते 28 नवंबर को नोएडा स्थित इंडोर 2 सिल्वर स्टेडियम में आयोजित (छठा रॉयल चैलेंज कप) ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाते हुए जनपद का नाम गौरवान्वित किया।

नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मुजफ्फरनगर के शारदेन स्कूल के पांच खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर दो सिल्वर और तीन ब्रांज मैडल पर कब्जा कर अपना दमखम दिखाया। कराटे प्रतियोगिता में क्या एक ओर ईवा सिंह ने काता व कुमिते फाइट का प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल हासिल किया। दूसरी और नमरा नौशाद ने भी फाइट में ब्रांज मेडल हासिल किया। इसके अलावा अनस जमान ने भी शानदार फाइट का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं उक्त चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कार्तिकेय वत्स ने फाइट में सिल्वर मैडल व अंडर 13 में प्रज्ञान पंवार ने भी फाइट में शानदार प्रदर्शन कर ब्रांज मेडल पर अपना कब्जा किया। बुधवार को स्कूल की प्रधानाचार्या ह्यधारा रतनह्व ने प्रार्थना सभा में नोएडा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर लौटे विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान सभी छात्र छात्राओं ने स्कूल और जनपद का गौरव बढ़ाने वाले अपने खिलाड़ियों का तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया।

शारदेन स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने-अपने प्रमाण पत्र दिखाते हुए। -फोटो बुलेटिन

छात्र काव्य ने यूपी स्टार हंट में पाया अव्वल नंबर

माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। आईएमएस गाजियाबाद द्वारा यूपी स्टार हंट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र काव्य शर्मा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त करके अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। काव्य माउंट लिट्रा जी स्कूल में कक्षा 11 के छात्र हैं। काव्य शर्मा की इस सफलता से पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इस कार्यक्रम में शहर के कई विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से काव्य सभी राउंड पास करके प्रथम पुरस्कार विजेता बने। काव्य की इस उपलब्धि पर सभी शिक्षकों व छात्रों ने उन्हें बधाई दी। आईएमएस गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज व प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता ने गाजियाबाद से उपलब्धि हासिल कर स्कूल लौटने पर छात्र काव्य शर्मा को हार्दिक बधाई दी व उन्हें इसी प्रकार सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

फोटो बुलेटिन

आईएमएस गाजियाबाद में अपनी ट्राफियों के साथ माउंट लिट्रा जी स्कूल के छात्र काव्य एवं शिक्षकगण।

यातायात माह में किया बच्चों को जागरूक

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। यातायात माह (01 नवम्बर- 30 नवम्बर 2022) के अवसर पर स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कॉलेज, काकडा, ब्लाक शाहपुर, जनपद मुजफ्फरनगर मे यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात माह (01 नवम्बर- 30 नवम्बर 2022) के अवसर पर स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कॉलेज, काकडा, ब्लाक शाहपुर, जनपद मुजफ्फरनगर मे यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष बाल कल्याण समिति द्वारा छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई एवं छात्राओं से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई।

इस अवसर पर सडक दुर्घटना रोकने हेतु स्कूल वाहन गन्नों की बोगी व ट्रॉली पर रिफ्लेकटिव स्ट्रिप लगाए गए। जन जागरूकता कार्यक्रम जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद गौतम के निर्देशन मे निरन्तर किया जा रहा है। कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य मंजुला मलिक, अंजली व मीनाक्षी रानी का विशेष सहयोग रहा।

श्री कृष्ण रुक्मणी मंगल विवाह में जमकर झूमे श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बुस.)। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के के पांचवें दिन कथा ज्ञान में रामलीला श्री कृष्ण रुकमणी मंगल विवाह, द्वारिका लीला का वर्णन कथा व्यास हिमेश शास्त्री जी द्वारा किया गया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पिछले 5 दिन से सत्यकुल सदन माधव विहार जानसठ रोड पर चल रहा है। पांचवे दिन आज भक्तगण जमकर झूमे और श्रीकृष्ण-रुकमणी मंगल विवाह की बधाइयां दी। कथा में शारदा गर्ग, सतीश गर्ग पूर्व अध्यक्ष शहर कांग्रेस, सुमन गुप्ता, अवनीश गर्ग ठेकेदार, इंदु मित्तल, अजय मित्तल, महेंद्र गर्ग, जितेंद्र गर्ग, संदीप गर्ग, सचिन गर्ग, वर्णिका गर्ग, देवांश गर्ग, अमित गर्ग, विजय लक्ष्मी मित्तल, पंकज मित्तल आदि भक्तगण उपस्थित थे। पूर्व अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी के सतीश गर्ग ने बताया कि 1 दिसंबर आज सुदामा चरित्र भागवत धर्म श्रीमद् भागवत कथा सार व कथा विश्राम का वर्णन होगा। 2 दिसंबर को भंडारा आयोजित किया जाएगा।

बचन सिंह कॉलोनी से बालक लापता, अपहरण की आशंका

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला बचन सिंह कॉलोनी से एक बालक संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। अज्ञात के विरुद्ध उसे बहला फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज कराया गया है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बचन सिंह कालोनी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि उसका पुत्र जयकिशन कक्षा 7 का छात्र है। बताया कि उसका पुत्र 27 नवम्बर से संदिग्ध हालातों में लापता है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध बालक को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

योगी की रैली में हुए रवाना

भोपा, 30 नवम्बर (बु.)। तीर्थनगरी शुकतीर्थ से जय श्रीराम व भारत माता के जयघोष के साथ अनेक साधु-संत खतौली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में भाग लेने के लिए रवाना हुए, जिनका मोरना व ककरौली में कार्यकर्ताओं ने स्वागत भी किया। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी के साथ कथावाचक आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री, सेवादास महाराज, चंद्रदेव महाराज, शक्तिगिरी महाराज, विद्यानंद महाराज, लक्ष्मणदास महाराज, अचलानंद महाराज, शिवानंद महाराज आदि अनेक संत शुकतीर्थ में गंगा घाट पर एकत्रित हुए तथा जय श्रीराम व भारत माता का जयघोष कर नगरी में पैदल मार्च करते हुए खतौली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में भाग लेने के लिए रवाना हुए।

पेड़-पौधों को व्यर्थ में न तोड़ने की शपथ ली

खतौली, 30 नवम्बर (बु.)। आज श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज खतौली में भारतीय वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र वसु की जयंती पर छात्रों ने पेड़-पौधों को व्यर्थ में न तोड़ने की शपथ ली। ज्ञातव्य हैं कि जगदीश चंद्र वसु ने ही सर्व प्रथम वैज्ञानिक रूप से सिद्ध किया था कि पौधों में जीवन होता है। प्रवक्ता राजकुमार जैन ने छात्र व छात्राओं को बताया कि प्रत्येक धर्म में वनस्पति में जीवन होना स्वीकार किया है और जैन धर्म में तो इसे एक इन्द्रिय जीव बताया गया है। वैज्ञानिक श्री वसु ने अपने प्रयोगों द्वारा इसे सिद्ध करके जीवन की खोज में एक अहम भूमिका निभाई हैं। हमे व्यर्थ में घास, छोटे पौधों आदि को नुकसान नहीं पहुचाना चाहिये। यदि हम वृक्षों को संरक्षित करेंगे, तो प्रदूषण आदि अनेक समस्याओं से निजात मिल जायेगी। कक्षा 11 के मो. हुजैफा, वासुपाल, मो. दानिश, पंकज बिष्ट, हिमांशु, सौरव कुमार, प्रशांत कुमार, सौरभ कुमार, मोनू, मोहन कश्यप, लक्की कुमार आदि अनेक छात्रों ने विद्यालय की वर्णी वाटिका में पेड़-पौधों को साक्षी मानकर उन्हें व्यर्थ में नुकसान न पहुंचाने की शपथ ली।

पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने ताड़ी को बताया नेचुरल जूस

पटना, 30 नवंबर (वार्ता)। बिहार के सीएम नीतीश कुमार को शराबबंदी नीति की समीक्षा करने और शराब का एक क्वार्टर (पव्वा) शराब पीने वालों को नहीं पकड़ने की सलाह देने वाले पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने एक बार फिर अजब बयान दिया है। उन्होंने राज्य में ताड़ी बंद करने को लेकर कहा कि ताड़ी बंद करने का कोई सवाल नहीं उठना चाहिए। इससे राज्य के लाखों लोगों को रोजगार मिलता है।

वार्डों में फर्जी वोट बनाए जाने की जांच को पहुंचे एसडीएम

कांधला, 30 नवम्बर (बु.)। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17, 19 और 25 में कई लोगों ने फर्जी वोट बनाए जाने की शिकायत जिलाधिकारी को की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम, नायब तहसीलदार और पालिका प्रशासन की टीम ने वार्ड में पहुंचकर घर-घर जाकर वार्डवासियों के आधार कार्ड और पहचान पत्रों की जांच कर सत्यापन किया। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17, 19 और 25 में वार्ड के ही कई लोगों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को शिकायत करते हुए बीएलओ पर सैकड़ों वोट फर्जी बनाए जाने का आरोप लगाया था। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम कैराना शिवकुमार यादव के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। बुधवार को एसडीएम कैराना शिव कुमार यादव, नायब तहसीलदार गौरव और पालिका प्रशासन की टीम के साथ वार्ड नंबर 17, 19 और 25 में पहुंचे। एसडीएम कैराना शिव कुमार यादव के नेतृत्व में पहुंची टीम ने वार्ड में घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा बनाई गई वोटों का सत्यापन किया। तीनों वार्ड में कोई भी वोट फर्जी न मिलने पर जांच टीम ने शिकायतकर्ता को मौके पर ही जमकर लताड़ पिलाई। वहीं मामले में एसडीएम कैराना शिव प्रकाश यादव का कहना है कि नायब तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी के साथ वार्ड नंबर 17, 19 और 25 में फर्जी बोर्ड बनाए जाने की जांच हेतु पहुंचे थे टीम के द्वारा मतदाताओं का सत्यापन किया गया है। जांच में कोई भी वोट फर्जी नहीं पाई गई है। जांच कर टीम वापस लौट गई है।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र डॉ. प्रशान्त व हिमांशु निवासीगण रामपुरी, मुजफ्फरनगर जो कि मेरे कहने-सुनने में नहीं है। मैं अपने पुत्रों डॉ. प्रशान्त व हिमांशु को अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद मेरे पुत्रों डॉ. प्रशान्त व हिमांशु का मेरी चल व अचल सम्पत्ति में किसी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं होगा तथा डॉ. प्रशान्त व हिमांशु अपने अच्छे-बुरे कार्यो, लेन-देन, वाद-विवाद के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरे व मेरे अन्य परिवार का इनसे किसी भी तरह का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा तथा मेरी पुत्रवधु श्रीमती आंचल पत्नी डॉ. प्रशांत पुत्री हंसराज निवासी सहारनपुर का भी मेरी चल-अचल सम्पत्ति में कोई हिस्सा नहीं होगा, वह भी बेदखल मानी जायेगी।

प्रदीप कुमार
पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप
निवासी : म.नं. 364/20, रामपुरी, मुजफ्फरनगर

कुश पुरी के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग पहुंचे खतौली

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बुस.)। बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली के लिए भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कुश पुरी के नेतृत्व में सैकड़ों उद्यमियों, व्यापारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कुश पुरी का काफिला रैली में पहुंचा।

प्रदेश संयोजक कुश पुरी ने बताया कि आज उनके साथ सैकड़ों की तादाद में स्थानीय उद्यमी एवं कार्यकताओं ने खतौली मंडी समिति में हुई जनसभा में भाग लिया। प्रदेश संयोजक लघु उद्योग प्रकोष्ठ कुश पुरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर स्वागत का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय फाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खतौली पहुंचने पर उन्होंने अपने साथियों सहित एवं वहलना प्रधान गुलाब सिंह के साथ काफिले का स्वागत किया।

कुश पुरी ने अपने साथ आए कार्यकताओं का हृदय से धन्यवाद किया और आवाह्न किया कि खतौली चुनाव में हम सभी को मिलकर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करनी है और आगामी निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का परचम मुजफ्फरनगर की सभी नगर पालिका व नगर पंचायतों में लहराना है। रैली में मुख्य रूप से विकास कुमार, वीरिन कुमार भट्ठे वाले, सुश्रुतवीर, गौरव खतियान, प्रवीण खेड़ा,सचिन सैनी,मोंटी सैनी आदि अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी का वितरण किया

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बुस.)। भारत विकास परिषद विवेक शाखा द्वारा आज स्वामी श्री कल्याण देव एस.डी इण्टर कॉलेज शुक्रताल में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत गायन का आयोजन कराया गया एवं साथ ही छोटे बच्चों को नि:शुल्क स्टेशनरी का वितरण किया गया। विवेक शाखा कॉलेज प्रबन्धक कपिल गर्ग का हार्दिक आभार व्यक्त करती है, जिन्होंने कॉलेज प्रांगण में बहुत ही सुन्दर वातावरण के अनुरूप शाखा के सभी सदस्यों का सम्मान किया एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य संजीव कुमार व समस्त शिक्षकगण का भी हार्दिक आभार व्यक्त करती है। विवेक शाखा की और से अध्यक्ष राजीव कुमार गर्ग ने सभी कॉलेज स्टाफ व शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद देकर एवं सभी बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की कामना के लिए आशीर्वाद दिया। विवेक शाखा की और से शाखा सचिव अमित वर्मा, शाखा संरक्षक आशुतोष स्वरूप बंसल व गिरीश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल एवं अजय गर्ग का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ।

अप्राकृतिक कुकर्म व तीन तलाक देने का लगाया आरोप

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। एक विवाहिता ने पति पर अप्राकृतिक कुकर्म करने व दहेज में बुलट बाईक व 5 लाख रुपये न मिलने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी विवाहिता ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसका निकाह 30 जून 2019 को हुआ था। आरोप है कि सुहागरात में ही पति ने उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया। आरोप है कि दहेज में बुलट व 5 लाख रुपयों की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न व हत्या का प्रयास किया गया। मांग पूरी न होने पर पति ने उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानसठ में मदन भैया ने डोर टू डोर वोट मांगे

-सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य करूंगा : मदन भैया

जानसठ, 30 नवम्बर (बु.)। कस्बे में डोर टू डोर सपा रालोद असपा गठबंधन प्रत्याशी पूर्व विधायक मदन भैया ने डोर टू डोर आप लोगों से वोट मांगे। इस दौरान कस्बे में जगह-जगह गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया का स्वागत हुआ। बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। बुधवार को कस्बे की मेन रोड पर स्थित गठबंधन उम्मीदवार के कार्यालय से मदन भैया का काफिला डोर टू डोर कैंपियन करते हुए कस्बे के मेन बाजार से होते हुए, मौहल्ला हुसैनपुरा, जुम्मा मौहल्ला, जनता बाद, बुध बाजार, गंज आदि से होते हुए प्रत्याशी मदन भैया ने मतदाताओं से वोट मांगे। इस दौरान बुध बाजार में स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने धूमधाम के साथ स्वागत किया। इसके अलावा भलेड़ी रोड पर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान मौहल्ले के बुजुर्गों ने मदन भैया को जीत का आशीर्वाद देकर भरोसा दिलाया। इससे पूर्व में मदन भैया का जगह-जगह मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

जानसठ में डोर टू डोर वोट मांगने के दौरान जगह जगह स्वागत करते नगरवासी।

भ्रूण हत्या में वांछित चल रहे पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

चरथावल, 30 नवम्बर (बु.)। पुलिस ने रोहाना तिराहे से दहेज एक्ट एवं भ्रूण हत्या में वांछित चल रहे आरोपी पति को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी पति का चालान करते हुए जेल भेज दिया है।

चरथावल क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न एवं भ्रूण हत्या का आरोप लगाते हुए करीब ढाई माह पूर्व थाना चरथावल में मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में हिंडन चैकी प्रभारी नितिन कुमार एवं उपनिरीक्षक मुकेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे आरोपी पति मुस्तकीम पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम दतियाना थाना छपार को रोहाना तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पकड़े गये आरोपी का चालान करते हुए जेल भेज दिया है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि ढाई माह पूर्व महिला ने अपने पति सहित ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न एवं भ्रूण हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें फरार चल रहे पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड चेयरमैन का नगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत

-शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सुरक्षाओं को वक्फ की जमीनों का उपयोग-अली जैदी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। शिया सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैय्यद अली जैदी का बुधवार को मुजफ्फरनगर की नजर कॉलोनी स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर अली के आवास पर स्वागत किया गया, अपने स्वागत के दौरान शिया धर्म गुरू कल्बे-जव्वाद के दामाद सैय्यद अली जैदी ने यहां मौजूद लोगों के बीच औपचारिक मुलाकात के दौरान समाज में शिक्षा के उत्थान के लिए प्रयास किये जाने के साथ वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों की सुरक्षा किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले लोगों की सराहना की और इस दिशा में और भी कारगार कदम उठाये जाने पर जोर दिया। शिया सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सैय्यद अली जैदी मुजफ्फरनगर पहुंचे जहां उन्होंने योगी सरकार में वक्फ बोर्ड की जमीनों पर स्कूल और अस्पताल खोले जाने की वकालत की। उन्हो

खतौली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली की झलकियां

राहुल गोयल समर्थकों के साथ पहुंचे

खतौली , 30 नवंबर (बु.)। उपचुनाव मे भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में वरिष्ठ भाजपा एवं व्यापारी नेता राहुल गोयल अपने साथियों के साथ पहुंचे। इस मौके पर सचिन प्रजापति, रजत गोयल, श्रवण गुप्ता, रितेश जैन, रजत पालीवाल, मयंक सैनी, राजीव राजवंशी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

अभिषेक गूर्जर ने लिया आशीर्वाद

खतौली। मंच पर आज गूर्जर नेता अभिषेक चौधरी ने भी मुख्यमंत्री के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। हाल में रालोद छोडकर भाजपा में शामिल हुए अभिषेक का नाम लेकर मुख्यमंत्री ने उन्हें पहचान दिलाई। टिकट ना मिलने से नाराज अभिषेक चौधरी ने रालोद को टाटा कर भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया था।

योगी से मिलने जा रहे भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं को रोका

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन देने जा रहे भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो कार्यकर्ताओं ने हाईवे पर ही जाम लगा दिया। खतौली पहुंचे मुख्यमंत्री कों किसानों की समस्याओं का ज्ञापन देने के लिए जा रहे भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बिजोपुरा चौराहे पर रोक लिया। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए हाईवे पर जाम लगाकर बैठ गए। हालांकि सीओ सदर हेमंत कुमार के समझाने पर किसान मान गए और ज्ञापन देकर लौट गए। छपार से कार व ट्रैक्टरों में सवार होकर बुधवार को भाकियू तोमर के कार्यकर्ता युवा जिलाध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व में खतौली के लिए रवाना हुए थे। पुलिस को जैसे ही भनक लगी तो सीओ सदर हेमंत कुमार ने बिजोपुरा चौराहे पर उन्हें रोक लिया। नाराज सभी कार्यकर्ता हाईवे पर जाम लगा कर बैठ गए। सीओ के समझाने पर आधा घंटे में ही जाम खोल दिया गया। भाकियू कार्यकर्ता रामपुर तिराहे की तरफ चल पड़े और कहा कि रामपुर तिराहे पर ज्ञापन दिया जाएगा। पुलिस ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को सिसौना में रोक लिया। वहां सीओ को 13 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। सीओ ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि मोहम्मदपुर पावर हाउस पर कार्यरत जेई संदीप कुमार के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर दी, जिसकी पुरकाजी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ितों को इंसाफ नहीं मिल रहा है।

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में "ग्रेन फिएस्टा" हर्षोल्लास से संपन्न

▶ जी.सी. पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम देखकर वाह-वाह करने को मजबूर हो गये दर्शक

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। नई मण्डी स्थित ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में सम्पन्न हुआ स्कूल का ग्रेन फिएस्टा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आये हुए अतिथियों एवं अभिभावकों को उस समय वाह-वाह करने पर मजबूर होना पड़ा, जब स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की अलग-अलग प्रस्तुतियां दी गई। कौरवों द्वारा अभिमन्यु को घेरकर मार देना, शहीद भगत सिंह की कुबार्नी देखकर दर्शकों की आंखों में आंसू आ गये। देशभक्ति के यह दृश्य सभी को भावुक कर देने वाले थे। इसके अलावा राधा-कृष्ण की सुंदर प्रस्तुति और नन्हीं-नन्हीं बालिकाओं द्वारा कश्मीरी कन्याओं का रूप मंच पर प्रस्तुत किया गया, उसकी जितनी प्रशंसा की जाये वो कम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि अंकुर दुआ, मुख्य संपादक, मुजफ्फरनगर बुलेटिन एवं भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य और विनय गौतम डिप्टी एसपी, बुढाना, भाजपा नेता अचिन्त मित्तल के विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश चंद्र गर्ग, प्रबंधक विनोद मंगल, सह प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद नीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी एवं हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल बैंड द्वारा एक मधुर धुन प्रस्तुत कर आने वाले

अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन्दे मातरम व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि अंकुर दुआ एवं विनय गौतम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता ने अपने वेल्कम स्पीच में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका एवं उपस्थित सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। "प्रधानाचार्य आजाद वीर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा सत्र 2021-22 के कक्षा प्री नर्सरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने जज्बे एवं जोश से अनेक शिक्षाप्रद मनोरंजक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें बर्तन मेरा इंडिया, योग आरम्भ हो, कलर्स ऑफ इंडिया में मणिपुरी, भरतनाट्यम, जश्न पंजाब दा, कत्थक, फ्यूजन, बुमरो-बुमरो, यू०वी नृत्य आदि रहे। महाभारत, वीर शिवाजी, चिटठी आई है, कृष्ण-लीला, वीर शहीद भगत सिंह की कुर्बानी आदि नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी गई। सभी कार्यक्रमों में भारतीय परंपराओं, संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रवाद के महत्व एवं मूल्यों की स्पष्ट झलक दिखाई दी। सांस्कृतिक संध्या के मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने अपने-अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण एवं कौशल विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम होने से उनके चारित्रिक व्यक्तित्व में निखार आता है, साथ ही साथ पारस्परिक सहयोग व प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। उनमें देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान एवं सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देशभक्तों और देश की रक्षा करने में अपनी जान की बाजी लगाने वाले वीर सैनिकों के बलिदान से राष्ट्रवाद की भावना पल्लवित होती है, उन्होंने बच्चों की भावभीनी व मनमोहक प्रस्तुतियों को देखते हुए अपने मुक्त कंठ से खूब सराहा। प्रबंधक विनोद संगल ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों, आमंत्रितगण, अभिभावकों, मीडिया और विद्यालय का समस्त स्टाफ आदि सभी का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र गौतम, विद्यालय के छात्र-छात्राएं राधिका अग्रवाल, इशिका, अन्वेषा यादव, कनिष्का दयाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। राष्ट्रगान के साथ इस मनोहारी सांस्कृतिक संध्या का समापन हुआ।

कवाल का बवाल से संम्बंधित संक्षिप्त खबरें....

आस्था से नहीं करेंगे कोई समझौता: योगी

खतौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आस्था और सुरक्षा से उनकी सरकार कोई सम-ौता नहीं करेगी। भाजपा ही अकेली ऐसी पार्टी है, जो आस्था का सम्मान करती है। इसका जीता जागता प्रमाण अयोध्या में बन रहा भगवान श्रीराम का भव्य और विशाल मंदिर है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने काशी, मथुरा और वृन्दावन को सजाने और संवारने के साथ शुकतीर्थ के पुनरुद्धार का भी संकल्प लिया है। इस पर तेजी से काम चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि वन विभाग की कार्रवाई पूरी होते ही गंगनहर की दोनों पटरियों पर आवागमन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ का पुनरोद्धार कराया जा रहा है। मां शाकुंभरी विवि के बाद मेरठ व मुजफ्फरनगर की सीमा पर मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय स्थापित किया जा रहा है।

सीएम ने धरती और अन्नदाता को किया नमन

खतौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना सम्बोधन भारत मां के जयकारे के साथ ही वन्देमातरम के साथ शुरू किया। उन्होंने कहा कि वही मुजफ्फरनगर की इस धरती को नमन करते हैं, जहां एक ओर मां गंगा और दूसरी तरफ यमुना का आशीर्वाद इस क्षेत्र के लोगों को प्राप्त होता है। भागवत की उद्गम स्थली पुराना तीर्थ स्थल शुकतीर्थ भी यहां है। धर्म की इस धरती ने सदा शांति के संदेश के साथ ही संकट के समय में क्रांति का संदेश भी दिया है। इलाके का किसान अपनी मेहनत से गन्ने की मिठास को जन जन तक पहुंचाने का काम करता है। यही वजह है कि एशिया की बड़ी चीनी मिल खतौली में है।

डिब्बे भर दो, सारे बटन दबा दो: कपिल देव

खतौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंचीय उपस्थिति में उत्साहित राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल बोल गए कि बहन राजकुमारी को जिताने के लिए इलाके के मतदाता डिब्बे भर दें और सारे बटन दबा दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कोई मुकाबला नहीं है। इन दोनों ने देश का गौरव बढ़ाने के साथ विकास को इतनी गति दी है कि 50 सालों में इतना काम नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि विक्रम सैनी सदा मान-सम्मान की लड़ाई लड़ते रहे हैं। इसी वजह से उन्हें अपनी विधानसभा सदस्यता गंवानी पड़ी है। राजकुमारी सैनी भी पारिवारिक होने के साथ सामाजिक और दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले महिला हैं।

चुनाव में ही दिखते हैं दिल्ली वाले चेहरे: बालियान

खतौली। केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता जाने पर व्यंग्य करने वाले 2013 में कहां थे? जब पूरा जिला साम्प्रदायिकता की आग में -ुलस रहा था। हमने खुद ही हिन्दू और मुस्लिमों को बैठाकर आधे से अधिक मामलों में फैसला कराने का काम किया है। चुनाव में ही दिखने वाले दिल्ली के यह चेहरे अब भाईचारे की बात कर रहे हैं। 2022 में नजर आए ये चेहरे अब 2024 में ही दिखाई देते, लेकिन उपचुनाव की वजह से एक बार फिर वो खतौली की जनता को गुमराह करने आ गए हैं। मंत्री बालियान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार आने से पहले का गुण्डाराज किसी से छिपा नहीं है। खेतों पर जाने वाले किसान कंधे पर फावड़ा उठाने से पहले अंटी में तमंचा लेकर चलते थे। हाईवे से गुजरने वाले लोग मुजफ्फरनगर की सीमा में ब्रेक लगाने का साहस तक नहीं जुटा पाते थे। योगीराज में सुरक्षा का ऐसा माहौल बना है कि हाईवे पर होटलों का ऐसा विस्तार हुआ है कि देश के तमाम हिस्सों के लोग यहां जरूर रुककर जाते हैं। जल्द ही रैपिड मैट्रो की सुविधा भी इस जिले के लोगों को उपलब्ध हो जाएगी, खतौली से दिल्ली का सफर मात्र 40 मिनट का रह जाएगा।

सियासी लय में नजर आई राजकुमारी सैनी

खतौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उम्मीदवार राजकुमारी सैनी आज सियासी लय में नजर आई। पहली सभाओं में ि-ा-ाकर बोलने वाली राजकुमारी सैनी ने भारत माता की जय और वंदेमातरम के उद्घोष के साथ अपने भाषण की शुरूआत की। अपने पक्ष में वोट की अपील करते हुए राजकुमारी सैनी ने संघर्ष के उन पलों को याद किया, जब विक्रम सैनी जेल में थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने धोखे से उनके पति को पकड़ा था। पुलिस के लिए उनके सामने से विक्रम को ले जाना इतना आसान न होता, उनमें इतनी हिम्मत थी कि वो पति के सम्मान की रक्षा के लिए पुलिस से मुकाबला कर जाती।

बाबा टिकैत पर हमला कैसे भूल गए राकेश टिकैत

खतौली। लोनी के भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने खुले मंच से सपा रालोद गठबंधन उम्मीदवार मदन भैया की अपराधिक कुंडली पढ़कर सुनाई। उन्होंने कहा कि 1990 में किसान नेता और भाकियू अध्यक्ष चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत के काफिले पर हमला करने वाले कौन थे, यह सब हमें जानना चाहिए। भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत से भी यह तथ्य छिपा नहीं है। यह समय उन लोगों से बदला लेने का है। भाकियू को छोड़कर कई किसान संगठनों ने भाजपा उम्मीदवार को अपना समर्थन दिया है।

सीएम योगी की रैली में रहा नेताओं का जमघट

खतौली। सीएम योगी की रैली में नेताओं का जमघट रहा। केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, बागपत सांसद डॉ. सतपाल सिंह, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह, ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधायक अनिल शर्मा, राजीव गुम्बर, नंद किशोरी गुर्जर,डा. मंजू सिवाच, महेन्द्र सिंह खडगवंशी, मुकेश चौधरी, देवेन्द्र निम, एमएलसी वन्दना वर्मा, एमएलसी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर, पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक मिथलेश पाल, प्रशांत चौधरी, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, संगीत सोम, प्रमोद उटवाल, उमेश मलिक, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा मोहित बेनीवाल, प्रदेश मंत्री चन्द्रमोहन, जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, चौ. यशवीर सिंह, उद्योगपति कुशपुरी, कुलदीप गोयल, नवनीत कुच्छल्ल, अशोक बाठला, राजीव गर्ग, राहुल गोयल, संजय गर्ग, पूर्व जिलाध्यक्ष देवव्रत त्यागी, अभिषेक चौधरी, डॉ. पुरुषोत्तम, पूर्व चेयरमेन यनेश तंवर, भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सहरावत, रूपेन्द्र सैनी, राजकुमार छाबड़ा, जिला महामंत्री विनीत कात्यायन, ब्लॉक प्रमुख शाहपुर अरविन्द त्यागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र त्यागी, जिला मंत्री वैभव त्यागी, भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक डॉ. आशुतोष शर्मा, राजू अहलावत, पंडित श्रीभगवान शर्मा, गौरव राणा, पंकज त्यागी, विकास अग्रवाल, टैक्स बार संघ के अध्यक्ष शलभ कौशिक एडवोकेट, भाजपा नेता राहुल गोयल, सचिन प्राजपति, रजत गोयल, हरीश नामदेव, प्रेमी छाबड़ा, राजीव सैनी, श्रवण गुप्ता, नवीन ठेकेदार, विशाल गर्ग, विपुल भटनागर, गौरव अरोरा, शोभित गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभा का संचालन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल और भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

योगी नफरती भाषण रट कर आते हैं और बोलकर चले जाते हैं: जयंत चौधरी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। खतौली विधानसभा उपचुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने आज भी खतौली विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया और कहा कि भाजपा के पास केवल दंगों और सांप्रदायिकता के नाम पर लोगों को बांटने के अलावा कोई काम नहीं है। उसके थोथे नारों में नहीं फंसना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के गर्मी वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा वे मेरी गर्मी को शांत करना चाहते हैं लेकिन आप लोग मेरी गर्मी को बढ़ाते रहते हैं। वे छोटे बच्चे की तरह लखनऊ से नफरती भाषण रटकर आते है और बोलकर चले जाते हैं।

जयंत ने आज गांव सोंटा, नोना और दौलतपुर आदि गांवों में गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के समर्थन में प्रचार किया। आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने भाईचारा कायम करने की अपील की। गांव बुआड़ा खुर्द और बुआड़ा कलां में जनसंपर्क के बाद वह ताजपुर गांव पहुंचे। वहां जयन्त ने कहा कि सरकार को पीड़ितों, शोषितों की चिंता नहीं है, वह केवल दिखावा कर रही है। इसके बाद वह मंसूरपुर के मुस्लिम बहुल गांव सराय में उन्होंने भाईचारा कायम करने की अपील की।

रालोद अध्यक्ष ने कहा सरकार की मंशा गन्ना मूल्य को लेकर ठीक नहीं है।

योगी सरकार पेराई सत्र शुरू होने के बाद भी गन्ना मूल्य घोषित करने को राजी नहीं हैं। नौना, दूधाहेड़ी, जौहरा, दौलतपुर में जनसंपर्क कर रालोद प्रत्याशी मदन भैया के लिए समर्थन जुटाया। बोले, कि एक-दूसरे से बिछड़कर हाल देख लिया है। अब संभलने का वक्त है। इसमें संकोच नहीं करना है। इनके बाद वह मोघपुर और जानसठ के गांव भटौड़ा पहुंचे। सभा में कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले साल चुनावी लाभ के लिए सितंबर माह में भाव घोषित कर दिया गया था। देश के किसान के अतिरिक्त किसी भी उत्पादक का दिल इतना बड़ा नहीं हैं, जो बिना भाव की जानकारी के अपना उत्पाद बेच सकें।

कुलदीपक को बचाने के प्रयास में बुझी बाप की जिन्दगी की लौ

मुजफ्फरनगर। जरा सी लापरवाही से जहां एक मासूम बालक जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है, वहीं अपने कुल के चिराग को आग से बचाने के प्रयास में बाप की जान चली गई। आग में झुलसे हुए बच्चे की हालत भी नाजुक बनी हुई है। घटना से शहर कोतवाली क्षेत्र का गांव शेरपुर शोक में डूबा हुआ है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी सम्पन्न परिवार पर जरा सी लापरवाही भारी पड़ गई, इस लापरवाही से जहां एक व्यक्ति की जान चली गई वहीं उसका पुत्र जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहा है। बताया गया कि शेरपुर निवासी 30 वर्षीय नईम का परिवार गांव में काफी सम्पन्न है। बताया गया कि नईम के दो पुत्र व दो पुत्री हैं। 28 नवम्बर की रात परिजनों ने नईम के 7 वर्षीय पुत्र को माचिस लेने के लिये गांव में ही स्थित एक दुकान पर भेजा था। बालक माचिस लेने के बादद माचिस की तिलियों को जलाते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी पहनी हुई जैकेट में आग लग गई। बालक जलती हुई हालत में अपने घर पहुंचा। अपने पुत्र की चीख पुकार सुन उसका पिता नईम उसे बचाने के लिये दौड़ा तो उसका सिर दीवार से टकरा गया, जिस्से वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य परिजनों ने किसी प्रकार आग बुझाई और घायल पिता पुत्र को चिकित्सक के पास ले गए, जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया। घायल नदीम को उपचार के लिये मेरठ के सुभारती अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसका ऑपरेशन किया गया, लेकिन उसकी जान को नहीं बचाया जा सका। उधर बालक की हालत भी गंभीर बनी हुई है उसका गंगदासपुर में उपचार चल रहा है।

नावल्टी चौक पर पॉचवें दिन भी दिनभर लगा रहा जाम

▶ जल निकासी की समस्या में थमाकील व पॉलिथीन बनी बड़ी समस्या ▶ पालिका की मशीन बनी मुख्य मार्ग पर मुसीबत का कारण

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। नगरपालिका और जल निगम के विवाद में बीते पांच दिनों से परेशानी का दंश झेल रहे नावल्टी चैक के दुकानदारों की समस्याओं का निदान अभी भी होता दिखाई नहीं दे रहा है। बीते पांच दिनों से पालिका का टीम नावल्टी चैक पर जलभराव की समस्या का निदान करने को नाला खोदने के साथ उसमें निकले मलबे को ठिकाने लगाने में लगी हुई है, जिससे इस क्षेत्र में बीते दो दिनों से स्थानीय दुकानदार और वहां से गुजरने वाले लोग जाम के झाम में फंसकर अपने धन

▶ दुकानदार और पैदल यात्री भी सड़क के बीच बने गड्ढे से परेशान

और समय की बर्बादी कर रहे हैं। बुधवार को भी ऐसे ही हालातों में पूरे दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक ओर सड़क पर जाम, वहीं दूसरी ओर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्य सड़क पर रास्ता बंद कर खड़े वाहन स्थानीय दुकानदारों की परेशानी का सबब बन चुके हैं, जिससे आज भी दुकानदारों का बुरा हाल रहा, लेकिन उनकी समस्या का निदान दूर तक होता दिखाई नहीं दिया। जिसे लेकर स्थानीय दुकानदारों से आला अधिकारियों से शिकायत भी की।

मुजफ्फरनगर नगरपालिका परिषद के मुख्य मार्ग रूड़की रोड पर नावल्टी चैक के पास बीते पांच दिन पूर्व नाले में कचरा होने की वजह से नाले का पानी सड़क पर फैल गया, जिसे

निकालने के लिए स्थानीय व्यापारियों ने व्यापार संगठन नेताओं के विरोध प्रदर्शन व हंगामा किया, तब कहीं जाकर अधिकारियों की नींद टूटी। तीसरे दिन व्यापारियों के प्रदर्शन के चलते नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार मौके पर पहुंचे और पालिका टीम को इस समस्या का निदान करने के निर्देश दिये। इससे पूर्व तीन दिनों तक पालिका के कर्मचारी नाला चोक होने की समस्या को नगरीय जल निगम की जिम्मेदारी बताते हुए नजरअंदाज किये हुए थे। नगर मजिस्ट्रेट की दखल के बाद शुरू हुए अभियान में पालिका की टीम ने जब नाले की सफाई की तो वहां नाले में मिट्टी, गोबर और थमाकील की बड़ी मात्रा में मौजूदगी सामने आई। जिसे निकालने में पालिका टीम को लगातार दो दिन हो गये, लेकिन समस्या का निदान अभी तक होता दिखाई नहीं दे रहा है। बुधवार को पाचंवे दिन भी पालिका की टीम नावल्टी चैक के आस-पास जलभराव की समस्या का निदान करने में जुटी रही, जिसकी वजह से अस्पताल तिराहे से शहर कोतवाली तक और बकरा मार्किट से अंसारी रोड तक सुबह से देर शाम तक यहां से गुजरने वाले लोग जाम के झाम से कराहते रहे। यातायात पुलिस ने हालांकि जाम की समस्या के निदान के लिए हर सम्भव प्रयास किये, लेकिन उसके बावजूद भी इस समस्या का निदान वाहन चालकों की गैर जिम्मेदारी के चलते पटरी पर नहीं लौट पाया, जिससे लोगों को धन के साथ-साथ समय की बबार्दी के रूप में खामियाजा भुगतना पड़ा।

चीखती-चिल्लाती रेप पीड़िता की मां का वीडियो हुआ वायरल

▶ न्याय की गुहार लगाने मुख्यमंत्री से मिलने पहुंची महिला को क्यों रखा गया दूर?

मुजफ्फरनगर, 30 नवम्बर (बु.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खतौली में हुई रैली के दौरान एक अजीबो-गरीब वीडियो सामने आई है। उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तरह-तरह की चचाएं राजनीतिक गलियारों में होती दिखाई दी है। उक्त वीडियो मुजफ्फरनगर जिले के पुरकाजी की एक महिला की बताई जा रही है। उक्त महिला का आरोप है कि 16 साल की उम्र में ही उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया था। बावजूद उसके सरकार द्वारा उक्त मामले में मामूली संज्ञान लेने के बाद मामले को रफा-दफा कर दिया गया था। महिला का यह भी बताना है कि मार्च 2022 में आत्मग्लानी के चलते उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली थी और तभी से महिला दर-दर की ठोकरे खाती फिर रही है। थक-हारकर नेताओं से न्याय की उम्मीद छोड़ने के बाद बुधवार को महिला जब खतौली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली में पहुंची और मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उसे गाड़ी में डाला और वापस रैली स्थल से ले आई। इसी बीच किसी के द्वारा उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। कुल मिलाकर उक्त वीडियो चाहे जिस भी महिला की है, ना जाने क्यों योगी सरकार में भी उसे न्याय नहीं मिल पाया और क्यों पुलिस ने पीड़ित महिला से इस तरह व्यवहार किया, यह सभी बाते अभी सवालों के घेरे में ही हैं और इन सब बातों का जवाब जब तक नहीं मिल



जाता, तब तक उक्त समाचार को देने का भी कोई उद्देश्य साबित नहीं हो पायेगा कि आखिर क्यों महिला को इतने गम्भीर मामले के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दूर रखा गया।

कबाड़ियों के यहां छापे, दारू की बोतलों की तलाशी

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। जिला आबकारी अधिकारी के आदेशानुसार आबकारी निरीक्षकों की टीम द्वारा ढक्कन एवं बोतलों के कबाड़ी व्यापारियों के यहां दबिश दी गयी।

जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के आदेशानुसार आबकारी निरीक्षकों की टीम द्वारा ढक्कन एवं बोतलों के कबाड़ी व्यापारियों के यहां दबिश दी गयी। इस दौरान वहां पड़े ढक्कन एवं बोतलों को सूक्ष्मता से जांचा गया कि कही उनका उपयोग नकली शराब की भराई आदि में तो नहीं किया जा रहा। संबंधित व्यापारियों को कड़ाई से निर्देशित किया गया कि इन ढक्कनों एवं बोतलों को अगर किसी व्यक्ति को बेचते हैं तो सबसे पहले विभाग को सूचित करेंगे। इनका उपयोग सिर्फ कबाड़ में ही करें। शहर क्षेत्र के मल्लूपुरा, दधेड़ी, रोहाना एवं कच्ची सड़क के कबाड़ के गोदामों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आबकारी निरीक्षक राजेश कुमार एवं शैलेष कुमार अपने टीम के साथ उपस्थित रहे।

क्या जमाना आ गया साहब, फेरी लगाकर बिकने लगी शराब

मुजफ्फरनगर, 30 नवंबर (बु.)। जनपद में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक ई-रिक्शा में फेरी लगाकर शराब बेच रहे हैं। ई रिक्शा चलाने वाला युवक स्वयं को मुजफ्फरनगर का निवासी बताते हुए दावा कर रहा है कि वह लोग गांव-गांव में फेरी लगाकर ठेके से 5 रुपये सस्ती शराब बेचते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी विभाग में हड़कम्प मच गया और आबकारी निरीक्षक वीडियो की जांच में जुट गए। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश ने वीडियो जारी करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को भ्रामक बताते हुए इस वीडियो का खंडन किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि मुजफ्फरनगर में देशी शराब केवल टेट्रा पैक में ही बिक्री की जाती है, जबकि जो शराब वीडियो में बेची जा रही है वह प्लास्टिक की बोतलों में है।